Regarding expansion and development of Mohammadabad Air strip in Farrukhabad into a full fledged Airport

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद) **:** मैं माननीय नागर विमानन उड्डयन मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूँ कि मेरे लोकसभा क्षेत्र फर्रुखाबाद मोहम्मदाबाद में स्थित हवाई पट्टी का विस्तार कर हवाई अड्डा के रूप विकसित किया जाए । फर्रुखाबाद में इसी हवाई पट्टी से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर खिमरेपुर पर औद्योगिक क्षेत्र है जहां पर बहुराष्ट्रीय कम्पनियां निवेश कर रही हैं । इसी हवाई पट्टी से 8 किलोमीटर दूर बाबा नीम करोली धाम एवं हवाई पट्टी से ही लगभग 12 किलोमीटर की दूरी पर बौद्ध तीर्थ स्थल संकिसा है, जो कि अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिपथ का हिस्सा है । इसके अलावा फर्रुखाबाद आलू एवं मक्का उत्पादन का विश्वस्तरीय हब है तथा कपड़ों पर ब्लॉक प्रिटिंग और ज़रदोज़ी का विश्व प्रसिद्ध कार्य होता है । व्यापारिक एवं धार्मिक हब होने के कारण फर्रुखाबाद में देश-विदेश से व्यापारियों एवं श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहता है, लेकिन सुविधाओं का अभाव है । इस हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित होने से व्यापारियों, श्रद्धालुओं को सुविधा होगी । मेरा पुनः माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि फर्रुखाबाद के मोहम्मदाबाद स्थित हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने का कष्ट करें ताकि फर्रुखाबाद विकास के पथ की ओर बढ़ सके ।

माननीय सभापति **:** श्री ज्ञानेश्वर पाटील जी उपस्थित नहीं ।

श्री गजेन्द्र सिंह पटेल जी उपस्थित नहीं ।

श्री विष्णु दयाल राम जी उपस्थित नहीं ।

श्री अजय भट्ट जी उपस्थित नहीं ।

श्री बलभद्र माझी जी उपस्थित नहीं ।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी जी उपस्थित नहीं ।